मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-329
23/09/2019

मुख्यमंत्री ने शूरवीर भामाशाह जी की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण

पटना, 23 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पुनाईचक स्थित पार्क में शूरवीर भामाशाह जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 2 सितम्बर 2019 को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स में बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन में कहा था कि जल्द ही दानवीर भामा शाह की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का स्वागत भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार ने गुलदस्ता भेंटकर किया। बिहार प्रान्त मारवाड़ी सम्मेलन, बिहार प्रांत वैश्य महासभा के लोगों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, विधान पार्षद श्री ललन कुमार सर्राफ, विधायक श्री संजीव कुमार चौरसिया, बिहार राज्य खाद्यान्न व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्री बलराम प्रसाद, बिहार राज्य चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष श्री ओ0पी0 साह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

फरक्का बराज पर पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि वहॉ से 16 लाख क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज कराया जा रहा है।

******